1088. 'सहेलियों की बाड़ी' राजस्थान के किस शहर में स्थित है?

(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बीकानेर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (a) : सहेलियों की बाड़ी राजस्थान के खूबसूरत शहर उदयपुर में स्थित एक बाग है। सहेलियों की बावड़ी का निर्माण राजा संग्राम सिंह द्वितीय द्वारा शाही महिलाओं के लिए 18 शताब्दी में करवाया गया था। श्रावण मास की अमावस्या के अवसर पर इस बाड़ी में नगर वासियों का एक बड़ा मेला लगता है।

1089. राजस्थान के लोकप्रिय पर्यटन स्थल सहेलियों की बाड़ी का निर्माण किसने करवाया?

(a) महाराजा उदय सिंह (b) महाराजा फतेह सिंह
(c) महाराजा भूपाल सिंह (d) महाराजा संग्राम सिंह

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2020)

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1090. 'सहेलियों की बाड़ी' के निर्माणकर्ता थे-

(a) संग्राम सिंह II
(b) उरय सिंह II
(c) जगत सिंह I
(d) प्रताप सिंह II

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1091. रानीजी की बावड़ी राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) बूंदी (b) बीकानेर
(c) जयपुर (d) जोधपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) भर्ती परीक्षा-2019
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) – बूंदी शहर में सबसे अधिक बावड़ियाँ पायी जाती है। जिसमें सबसे बड़ी बावड़ी रानी जी की बावड़ी है। इस बावड़ी का निर्माण 1699 ई. में बूंदी शासक महाराव राजा अनिरुद्ध सिंह की छोटी रानी नाथावती ने करवाया था।

1092. बूँदी में स्थित ''रानीजी की बावड़ी'' का निर्माण किसने करवाया?

(a) रानी पद्मिनी (b) रानी नाथावती
(c) रानी विजया देवी (d) रानी गायत्री

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1093. दूध बावड़ी कहाँ स्थित है?

(a) रतनगढ़ (b) चित्तौड़गढ़
(c) माऊण्ट आबू (d) लूणकरणसर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) – दूध बावड़ी, माउण्ट आबू पर स्थित एक कुआँ है। यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यहाँ आधर देवी का मंदिर स्थित है। चित्तौड़गढ़ किले में सातबीस देवरी नामक जैन मंदिर स्थित है। इस किले के अंदर छह जैन मंदिर स्थित है। लूणकरणसर झील एक प्लाया झील है। यह राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित है ।

1094. नीचे कुछ छतरियों और उनके स्थलों के नाम दिए गए हैं। इनमें से कौन सा सुमेलित नहीं है?

(a) कुँवर पृथ्वीराज की छतरी – कुंभलगढ़
(b) ब्राह्मण देवता की छतरी – मण्डोर
(c) 80 खम्भों की छतरी – बूँदी
(d) मामा भांजा की छतरी – जोधपुर

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है।

छतरी	स्थल
(1) कुँवर पृथ्वीराज की छतरी	– कुंभलगढ़
(2) ब्राह्मण देवता की छतरी	– पंचकुंड, मण्डोर, जोधपुर
(3) 84 खंभों की छतरी	– बूंदी, देवपुरा
(4) 80 खंभों की छतरी	– अलवर
(5) मामा भांजा की छतरी	– जोधपुर

1095. ''मूसी महारानी की छतरी'' कहाँ स्थित है?

(a) अलवर (b) धौलपुर
(c) जोधपुर (d) बाड़मेर

VDO Exam - 2021
पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक भर्ती परीक्षा) 2019

Ans. (a) – 'मूसी महारानी की छतरी' राजस्थान के अलवर में स्थित है। इसका निर्माण महाराजा विनय सिंह ने महाराजा बख्तावर सिंह और उनकी पत्नी रानी मूसी की याद में 1815 ई. में करवाया था। स्मारक की आंतरिक संरचना में शानदार नक्काशी और दीवारों पर चित्र है। ऊपरी मंजिल में संगमरमर से बनी हुई असामान्य गोल छत, शानदार पट्टी और मेहराब है।

1096. 'चौरासी खम्भों की छतरी' के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है-

(a) इस छतरी का निर्माण राव विष्णुसिंह के काल में राव देवा द्वारा कराया गया था।
(b) इस छतरी का निर्माण राव अनिरुद्ध सिह के काल में राव देवा द्वारा कराया गया था।
(c) यह छतरी बून्दी के पास देवपुरा में स्थित है।
(d) उसका निर्माण 1683-1695 के मध्य कराया गया था।

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) – 'चौरासी खंभों की छतरी' एक बरामदा है जो 84 खंभों पर स्थित है। इसका निर्माण बूंदी के शासक राव अनिरूद्ध सिंह ने 1683-85 ई. में धाबाई देवी की स्मृति में देवपुरा के निकट करवाया गया था। यह संरचना एव ऊँचे चबूतरे पर बनी हुई है, जिसमें दो मंजिले हैं।

1097. राव मालदेव की छतरी निम्नलिखित में से राजस्थान के किस शहर में स्थित है?

(a) कोटा (b) जोधपुर
(c) जालौर (d) जैसलमेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (b) – राजा मालदेव की छतरी राजस्थान के जोधपुर में अवस्थित है। कुछ प्रमुख छतरियाँ हैं-अलवर स्थित मूँसी रानी की छतरी, बूँदी स्थित चौरासी खंभों की छतरी एवं बीकानेर स्थित राव कल्याण मल की छतरी।

1098. ''चौरासी खंभों की छतरी'' स्थित है–

(a) जोधपुर में (b) भरतपुर में
(c) बूंदी में (d) जयपुर में

RPSC, SI 3/02/2021
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2020
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत यांत्रिक) भर्ती परीक्षा-2020
Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।